भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1586
जिसका उत्तर मंगलवार 12 फरवरी, 2019 को दिया जाना है

एफएएमई-II योजना

1586. श्री अनिल शिरालेः
श्री जॉर्ज बेकरः

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) एफएएमई-II योजना की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) संपूर्ण देश में इन योजनाओं के अंतर्गत शामिल किए जाने वाले वाहनों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल सहित इस योजना के अंतर्गत राज्यों को दिए जाने वाले प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार इस योजना के अंतर्गत इलैक्ट्रिक साइकिल शामिल करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इन्हें कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है और इस योजना के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए जाने की संभावाना है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (ङ): फेम इंडिया योजना [भारत में (हाइब्रिड और) इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण एवं विनिर्माण] के चरण-I से प्राप्त अनुभव के आधार पर प्रस्तावित योजना का दूसरा चरण तैयार किया गया है। फेम इंडिया योजना के चरण-II में बाजार सृजन और मांग संग्रह के द्वारा ईवी के अंगीकरण को प्रोत्साहित करने तथा सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने का प्रस्ताव है। मसौदा योजना में चार्जिंग अवसंरचना, ईवी प्रौद्योगिकियों का अनुसंधान एवं विकास और अधिक स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के प्रावधान सहित ईवी उद्योग के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना है। तथापि, फेम इंडिया योजना के चरण-II को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है।
फेम इंडिया योजना का चरण-I अभी चल रहा है और दिनांक 31 मार्च, 2019 तक उपलब्ध है।

*****